वाट्सऐप @ 94140-78380, 92140-78380 | वर्ष :4 अंक : 104 | बुधवार 7 अगस्त 2024 | दैनिक ई-पेपर

# शाबाश इंडिया

@ShabaasIndia | प्लॉट नंबर 8, ओझा जी का बाग, गांधी नगर मोड, टोंक रोड, जयपुर

### राज्यपाल बागडे ने ली विशेष समीक्षा बैठक

# केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं की व्यय राशि की एक–एक पाई का हिसाब रखा जाए

## जनजातीय क्षेत्रों के विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए कार्य किए जाएं, विश्वविद्यालयों में नेक की तैयारी और रैंकिंग वृद्धि के लिए हो अधिकाधिक प्रयास



जयपुर. कासं

राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागडे ने जनजातीय क्षेत्रों के विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए कार्य किए जाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि इन क्षेत्रों में केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं के अंतर्गत व्यय की जाने वाली एक– एक पाई का हिसाब रखा जाए। बागडे मंगलवार को राजभवन के अधिकारियों की आयोजित विशेष बैठक में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने उच्च शिक्षा के अंतर्गत शिक्षा की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने का आह्वान किया। उन्होंने विश्वविद्यालयों में नेक की तैयारी और रैंकिंग वृद्धि के लिए भी तेजी से कार्य करने पर जोर दिया और इसकी राजभवन स्तर पर प्रभावी मॉनिटरिंग किए जाने पर जोर दिया। राज्यपाल ने कमजोर और पिछड़े वर्गों के कल्याण के लिए लागू योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन का भी आह्वान किया। उन्होंने जनजाति क्षेत्रों में वर्षा जल संरक्षण के लिए भी विशेष कार्य किए जाने की आवश्यकता जताई। जनजाति क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं के विकास के बारे में जानकारी लेते हुए उन्होंने कहा कि यह देखा जाए कि केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं के निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त कर वास्तविक कार्य हुआ है अथवा नहीं। उन्होंने जनजातीय क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं के प्रभावी विकास के लिए सबको मिलकर कार्य करने पर जोर दिया। राज्यपाल ने तकनीकी शिक्षा के अंतर्गत विद्यार्थियों को कौशल विकास से आंकड़ों में नहीं, व्यवहारिक रूप में समृद्ध किए जाने और राजभवन स्तर पर इसकी नियमित मॉनिटरिंग किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने विश्वविद्यालयों द्वारा गांव गोद लेकर उनके विकास के लिए किए जाने वाले कार्यों की भी विशेष रूप से समीक्षा की। उन्होंने गांवों में विकास के लिए व्यवहारिक प्रयास किए जाने पर जोर दिया। उन्होंने राजभवन से जुड़े विभिन्न कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी अधिकारी और कर्मचारी पूर्ण लगन और निष्ठा से कार्य करें। बैठक में राज्यपाल के सचिव गौरव गोयल ने राजभवन के स्तर पर किए जाने वाले कार्यों के बारे में जानकारी दी। विभिन्न प्रकोष्ठों के प्रभारी अधिकारियों ने पॉवर प्वाइंट प्रस्तुति दी।

# ऊर्जा मंत्री ने बीकानेर हाउस में तीजोत्सव मेले का भ्रमण कर राजस्थानी आर्टिजन की हौसला अफजाई की



**जयपुर. कासं।** नई दिल्ली के बीकानेर हाउस में चल रहे सात दिवसीय तीजोत्सव मेले में रूडा द्वारा लगाए गए राजस्थानी आर्टिजंस के स्टॉल्स का ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने भ्रमण कर राजस्थानी हैंडीक्राफ्ट्स और परिधानों के लिए आर्टिजन की हौसला अफजाई की। उन्होंने कहा कि आपकी मेहनत और लगन से राजस्थानी कला और संस्कृति को देश की राजधानी में जन-जन तक पहुंचने का सहयोग मिल रहा है, यह बेहद सराहनीय है। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि इस मेले में आकर मिनी राजस्थान की झलक देखने को मिल रही है, जहां एक ही परिसर में राजस्थान की सभी प्रसिद्ध वस्तुओं को देखा और खरीदा जा सकता है। नागर ने कहा कि राज्य सरकार राजस्थानी कला और संस्कृति को देश-विदेश में फैलाने के लिए प्रतिबद्ध है, इसके लिए ऐसे मेलों का आयोजन बहुत महत्वपूर्ण है।

# खुद को पहचानना होगा अपना मोल, दुनिया के भरोसे नहीं रहें: आचार्य सुंदरसागर महाराज

## आत्मा की अग्नि शमन करने के लिए अपने भावों को विशुद्ध करना होगा। शास्त्रीनगर हाउसिंग बोर्ड स्थित सुपार्श्वनाथ पार्क में वर्षायोग प्रवचन



**भीलवाड़ा. शाबाश इंडिया**

दुनिया हमारा कोई मोल करे या नहीं करे कोई फर्क नहीं पड़ता पर अस्तित्व कायम रखने के लिए अपना मोल स्वयं को आकना है। हमे जिनेन्द्र को देखना है जिनसे हम भगवान बनने का मार्ग मिलता है। सिद्ध बनने के लिए हम किसी पर निर्भर नहीं केवल अपना उपयोग किस तरह करना यह आना चाहिए। ये विचार शहर के शास्त्रीनगर हाउसिंग बोर्ड स्थित सुपार्श्वनाथ पार्क में श्री महावीर दिगम्बर जैन सेवा समिति के तत्वावधान में चातुर्मासिक (वर्षायोग) प्रवचन के तहत मंगलवार को राष्ट्रीय संत दिगम्बर जैन आचार्य पूज्य सुंदरसागर महाराज ने व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि आपके द्वार कोई मुनिराज आए तो समझ लेना 108 आ रहा है उन्हें स्वयं को सौंप देंगे तो 1008 भी बन सकते है। इंसान कर्मो की मार से बच धर्म क्रिया में लग जाएगा तो मोक्ष जाने का परमिट भी मिल जाएगा। आचार्यश्री ने कहा कि जीवात्मा को साधु संतों का समागम हर भव में नहीं मिलता। जिनशासन गुणस्थान को अतीत करने के लिए मिला है तो इसका पूरी तरह सुदपयोग करना चाहिए ओर जिनशासन मिलने को सार्थक करना चाहिए। आत्मा की अग्नि शमन करने के लिए अपने भावों को विशुद्ध करना होगा। जिस दिन जिनवाणी सुनने से चूक जाए उस दिन सम्यकदृष्टि के मन को अटपटा महसूस होना चाहिए। यह महसूस होना चाहिए कि आज कोई अच्छा कार्य करने से रह गए है। उन्होंने कहा कि कषाय से भी मजबूत जीवतत्व है। दूसरों पर अंगुली उठाना बंद कर अपने अंतर में दृष्टि डालनी चाहिए। समभाव में रहेंगे तो जीवन में कषाय आएंगे ही नहीं ओर समता से राग द्वेष भी कम होकर जीवन सहज,सरल व धर्ममय बन जाएगा। प्रवचन में इससे पूर्व आर्यिका सुपथ्यमति माताजी ने कहा कि जीव संसार में आता है ओर आयु पूर्ण कर चला जाता है। कुछ भी भव्यात्माएं होती है जो भगवान के प्रति श्रद्धा रखते हुए अपना आत्मकल्याण कर पाते है। हम तन को सजाने पर तो खूब ध्यान देते है पर मन को सजाने का विचार नहीं करते। कभी मन मंदिर में भी सफाई कर बुरे विचार मिटाने का प्रयास करना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारा मन सुंदर होगा तो जीवन भी आनंदमय बन जाएगा। मनुष्य अपने कर्म से अपने अगले भव का निर्धारण कर सकता है। इस भव में अच्छे निमित मिले है तो नियम, संयम, व्रत व प्रतिमा धारण कर अपना कल्याण करो। श्री महावीर दिगम्बर जैन सेवा समिति के अध्यक्ष राकेश पाटनी ने बताया कि सभा में अशोककुमारजी अभिषेकजी पांड्या परिवार का चातुर्मास में मंगलकलश पुण्यार्जक बनने पर समाज द्वारा स्वागत अभिनंदन करते हुए इस पुनीत कार्य के लिए हार्दिक अनुमोदना की गई। प्रवचन के शुरू में श्रावकों द्वारा दीप प्रज्वलन, मंगलाचरण,पूज्य आचार्य गुरूवर का पाद प्रक्षालन कर उन्हें शास्त्र भेंट व अर्ध समपर्ण किया गया। संचालन पदमचंद काला ने किया। मीडिया प्रभारी भागचंद पाटनी ने बताया कि महावीर सेवा समिति द्वारा बाहर से पधारे अतिथियों का स्वागत किया गया। वषायोग के नियमित कार्यक्रम श्रृंखला के तहत प्रतिदिन सुबह 6.30 बजे भगवान का अभिषेक शांतिधारा, सुबह 8.15 बजे दैनिक प्रवचन, सुबह 10 बजे आहार चर्या, दोपहर 3 बजे शास्त्र स्वाध्याय चर्चा, शाम 6.30 बजे शंका समाधान सत्र के बाद गुरू भक्ति एवं आरती का आयोजन हो रहा है।

**भागचंद पाटनी, मीडिया प्रभारी**

# श्री शांतिनाथ महा मंडल विधान श्रद्धा भक्ति और समर्पण के साथ हुआ पूर्ण



**कोटा. शाबाश इंडिया।** हाड़ौती की प्रथम आर के पुरम त्रिकाल चौबीसी प्रणेता संत शिरोमणि आचार्यश्री विद्यासागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य समाधिस्थ परम पूज्य मुनिश्री 108 चिन्मय सागर जी महाराज (जंगल वाले बाबा) की जन्म जयंती 6 अगस्त (मंगलवार) के अवसर पर प्रातः 8:45 से आर के पुरम जैन मंदिर त्रिकाल चौबीसी कोटा में श्री शांति मंडल विधान का आयोजन श्रद्धा भक्ति भाव और समर्पण के साथ श्री चिन्मयसागर भक्त परिवार कोटा द्वारा किया गया।सुनील जैन संगीतकार के भाव भरे भजनों पर सभी ने खूब नृत्य किया।विधान के समय राम रतन जैन संजय निर्माण मनोज बकलीवाल राज कुमार वेद सागर मल जैन सतीश जैन अशोक रावतभाटा उपस्थित थे। विधान के बाद अल्प आहार की व्यवस्था की गई।

# तीर्थंकर सुमतिनाथ भगवान का गर्भकल्याणक पर्व मनाया

**बांसवाड़ा. शाबाश इंडिया।** दिगंबर जैन सोशियल एवम कल्चरल ग्रुप जिला बांसवाड़ा द्वारा जैन धर्म के पांचवे तीर्थंकर भगवान सुमतिनाथ स्वामी का गर्भ कल्याणक पर्व पारंपरिक श्रद्धा एवं भक्ति भाव से मनाया गया। ग्रुप के जिला संयोजक अजीत कोठिया ने बताया की इस अवसर पर तीर्थंकर के गर्भ कल्याणक पूर्व क्रियाओं का मंचन किया गया जिसमे मुख्य रूप से रात्रि के अंतिम प्रहर में भगवान की माता को दिखने वाले सोलह स्वप्नों का मंचन अति आकर्षक रहा। तीर्थंकर सुमतिनाथ का जन्म अयोध्या नगरी में हुआ था और निर्वाण शाश्वत तीर्थराज सम्मेद शिखर जी से हुआ था। कोठिया ने बताया की जैन धर्म में 24तीर्थंकर होते हैं और उनके पांच पांच कल्याणक गर्भ, जन्म, तप, केवल्य एवं मोक्ष होते हैं। तीर्थंकर का निर्वाण होते ही वे जन्म मरण के बंधनों से मुक्त हो जाते हैं। कोठिया ने इस अवसर पर ये भावनात्मक गीत प्रस्तुत किया की प्रभु तेरे पांच हुए कल्याण एक बार मेरा कल्याण करदो। इस अवसर पर संभागियों ने सुमतिनाथ गर्भ कल्याणक पर्व को यादगार बनाने 7अगस्त को हरियालो राजस्थान कार्यक्रम मे पौधारोपण करने और और उनका वर्ष भर संरक्षण का संकल्प लिया।



# जब पुण्य फलता है तो सब अपने आप प्राप्त हो जाता है : मुनि प्रणम्य सागर महाराज

## जयपुर में पहली बार मुनि प्रणम्य सागर महाराज ससंघ के सानिध्य में मीरा मार्ग के आदिनाथ भवन पर चल रहा पार्श्व पुराण का वाचन



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** संत शिरोमणि आचार्य 108 विद्यासागर महामुनिराज के परम प्रभावक शिष्य अर्हम योग प्रणेता मुनि प्रणम्य सागर महाराज के मुखारबिन्द से मीरा मार्ग के आदिनाथ भवन पर कवि भूधरदास द्वारा विरचित पार्श्वनाथ पुराण का वाचन किया गया जिसमें जैन धर्म के 23 वें तीर्थंकर भगवान पार्श्वनाथ के चार भव पूर्व के वृतांत में चक्रवर्ती की महिमा बताते हुए कहा कि उसके पास चक्र - दण्ड - चम-चूडामणी इत्यादि 7 निर्जीव एवं 7 सजीव रत्न होते हैं। यह सब पूर्व भव में संचित पुण्य के कारण होता है। मुनि श्री ने आगे कहा कि जब पुण्य फलता है तो हमें सब अपने-आप प्राप्त हो जाता है और वह स्थिर भी रहता है। लौकिक संसार में जिन्हें हम सुख कहते हैं, वह क्षणिक सुख है, उसमें स्थिरता नहीं होती है। मुनि श्री ने कहा कि हमें रीझने की जरुरत



नहीं अपितु सीझने की जरुरत होनी चाहिए। जो आपको रिझाऐ उसके पास जाने की जगह जो आपको सिझाए या उसका ज्ञान दे, उनकी शरण में जाना चाहिए। अहिंसा - संयम - तप जिनके पास है, उन्हें देवता भी नमस्कार करते हैं। कथा के दौरान सजीव पात्रों ने मनमोहक अभिनय कर श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। इससे पूर्व मनीष - रचना चौधरी एवं संगीतकार नरेन्द्र जैन के निर्देशन में आचार्य विद्यासागर महामुनिराज की संगीतमय पूजा की गई। आचार्य समय सागर महाराज एवं मुनि प्रणम्य सागर महाराज का अर्घ्य चढाया गया। तत्पश्चात समाजश्रेष्ठी राज कुमार- विमला देवी, ऋषभ, राकेश, जिनेन्द्र, अक्षत, पुलक, सलौनी, नमो, परी, प्रशान्त बाकलीवाल परिवार द्वारा संत शिरोमणि आचार्य विद्यासागर महामुनिराज एवं आचार्य समय सागर महाराज के चित्र का जयकारों के बीच अनावरण किया गया। भगवान आदिनाथ के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन किया गया। तत्पश्चात मुनि श्री प्रणम्य सागर महाराज के पाद पक्षालन एवं शास्त्र भेट करने का पुण्यार्जन किया। अध्यक्ष सुशील पहाड़िया एवं मंत्री राजेन्द्र सेठी ने बताया कि इस मौके पर विशिष्ट अतिथि के रूप में रामगढ़ अलवर के पूर्व विधायक ज्ञान देव आहूजा एवं सिंगोली नगरपालिका के अध्यक्ष सुरेश जैन, दिगम्बर जैन महासमिति के राजस्थान अंचल अध्यक्ष सेवानिवृत्त आई पी एस अनिल जैन, समाजश्रेष्ठी नन्द किशोर पहाड़िया, उत्तम चन्द पाटनी, शीतल कटारिया आदि ने ने मुनि श्री को श्रीफल भेट कर आशीर्वाद प्राप्त किया। जिनवाणी स्तुति से धर्म सभा का समापन हुआ।

# आचार्य श्री वसुनंदी महाराज के सानिध्य में होगा वृहद आयोजन

**फिरोजाबाद. शाबाश इंडिया।** अखिल भारतवर्षीय धर्म जागृति संस्थान का अष्टम राष्ट्रीय अधिवेशन व रजत वर्ष महोत्सव परम पूज्य अभिक्षण ज्ञानोपयोगी आचार्य श्री वसुनंदी जी महा मुनिराज ससंघ के सानिध्य में रविवार 1 सितंबर 2024 को सेठ छदामीलाल दिगम्बर जैन मन्दिर फिरोजाबाद उत्तर प्रदेश में आयोजित कर युवा वर्ग के साथ धर्म बचाओ धर्म सिखाओ अभियान को आगे बढ़ाया जाएगा। राष्ट्रीय महामंत्री इंजीनियर भूपेंद्र जैन दिल्ली ने बताया कि अखिल भारतीय धर्म जागृति संस्थान को स्थापित हुए 25 वर्ष पूर्ण होने जा रहे हैं अतः इस वर्ष आचार्य श्री के सानिध्य में रजत जयंती समारोह के साथ राष्ट्रीय अधिवेशन रास्ट्रीय स्तर पर आयोजित किया जाएगा। अधिवेशन के दौरान संपूर्ण भारतवर्ष में स्थापित धर्म जागृति संस्थान की शाखाओं के उत्कृष्ट कार्यकर्त्ताओ के सम्मान के साथ साथ सर्वश्रेष्ठ पुरुष व महिला शाखाओं को भी सम्मानित किया जाएगा। राष्ट्रीय प्रचार मंत्री संजय जैन बड़जात्या कामां ने बताया कि प्रथम अधिवेशन जयपुर राजस्थान में हुआ तो वही ग्रीन पार्क दिल्ली,बोलखेड़ा, अजमेर,नोयडा,मुम्बई, तिजारा में पूर्व अधिवेशन आयोजित हो चुके हैं। धर्म जागृति संस्थान का मुख्य उद्देश्य देव शास्त्र गुरु की सेवा में सलग्न हो पंथवाद,सन्तवाद से दूर साधु व समाज की सेवा करना है। राष्ट्रीय अध्यक्ष योगेश जैन मेरठ ने सभी शाखों से अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में भाग लेने की अपील की है।


जैन सोश्यल ग्रुप महानगर

HAPPY ANNIVERSARY

7 अगस्त'24

93140 37392



श्री विनीत- श्रीमती रश्मि चांदवाड़

जैन सोश्यल ग्रुप महानगर के सम्मानित सदस्य

को वैवाहिक वर्षगांठ की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई

संजय-सपना जैन छाबड़ा आवाः अध्यक्ष | सुनील-अनिता गंगवालः सचिव

प्रदीप-निशा जैनः संस्थापक अध्यक्ष | स्वाति-नरेंद्र जैनः ग्रीटिंग कमेटी चेयरमैन

## वेद ज्ञान

### अपने विवेक का खुद इस्तेमाल करें

सार्थक और सकरात्मक जीवन जीने के लिए ज्यादा परिश्रम की जरूरत नहीं है। कोई विपरीत स्थितियों और परिस्थितियों के बावजूद अपने दिमाग का सही प्रयोग कर उपलब्धियां हासिल कर लेता है और कोई सारी सुविधाओं के बावजूद असफल रहता है। हर व्यक्ति को सबसे पहले सुनने की आदत डालनी चाहिए। जो व्यक्ति सुनता कम है और बोलता ज्यादा है, वह आगे बढ़ने के तमाम अवसरों से चूक जाता है। जब व्यक्ति विद्वानों, श्रेष्ठजनों और गुरु की बात सुनते हैं तो शब्द रूपी ब्रह्म कानों से प्रवेश कर मस्तिष्क में रासायनिक परिवर्तन करते हैं। मस्तिष्क में अच्छी-अच्छी बातें आती हैं। वहीं खराब और बुरी बातें सुनने के बाद प्रायः झगड़े-फसाद हो जाते हैं। घर से दूर गए व्यक्ति को सीधे बुरी खबर नहीं दी जाती। यह है शब्दों का प्रभाव। प्रेम की शुरूआत भी शब्द से और युद्ध की भी शुरूआत शब्द से ही होती है। हमारे ऋषियों ने इसीलिए आध्यात्मिक ग्रंथों में जीवन की हर जरूरतों को पूरा करने के लिए अच्छे विचारों को अच्छे शब्दों के माध्यम से व्यक्त किया है। प्राचीन काल में गुरुकुल में श्रुतिज्ञान की व्यवस्था ही रही। सुनने के बाद जिज्ञासाएं बढ़ती हैं तो अध्ययन की स्वतः इच्छा जाग्रत होती हैं। जिसके पास जितना गहरा ज्ञान, उसकी उतनी महत्ता। ज्ञान से चिंतन-मनन का भाव पैदा होता है। जेम्स वाट ने भाप की आवाज को पहचाना कि भाप में शक्ति है तो न्यूटन ने सेब के गिरने की आवाज सुन ली और गुरुत्वाकर्षण का सिद्धांत प्रतिपादित किया। बड़े-बड़े भौतिक विज्ञान के प्रोजेक्ट क्यों न हों, उनमें डिजाइन और प्लानिंग की जाती है। फिर उसके हिसाब से धन की व्यवस्था की जाती है। फिर उस प्रोजेक्ट पर काम शुरू होता है। उसी प्रकार जीवन में सबसे पहले मन की आवाज जरूर सुननी चाहिए। प्रथम स्तर पर मन ही बहुत कुछ बता देता है। गलत काम को तो जरूर बताता है। आसपास की घटनाओं, माता-पिता, गुरु आदि की बातों को गहराई से सुनकर जब कोई कदम उठाएंगे तो वह बेहतर होगा।

## संपादकीय

# दिल्ली की पुरानी तकरार...

दिल्ली सरकार और उपराज्यपाल के बीच तकरार पुरानी है। दोनों के बीच जब-तब नए विवाद उठ खड़े होते हैं। पिछले वर्ष दिल्ली नगर निगम यानी एमसीडी के चुनाव में 'एल्डरमैन' यानी विशेषज्ञ सदस्यों को नामित करने के मुद्दे पर खड़ा हुआ विवाद इसी की एक कड़ी था। उपराज्यपाल ने दस सदस्य नामित किए थे, जिन्हें लेकर आम आदमी पार्टी ने एतराज जताया कि ये सभी सदस्य भाजपा से संबद्ध हैं और एमसीडी के जोनों में मतदान कर



चुनी हुई एमसीडी का गणित खराब कर सकते हैं। मामला सर्वोच्च न्यायालय में पहुंचा था। चुनौती दी गई कि उपराज्यपाल बिना दिल्ली सरकार के मंत्रिमंडल से सलाह लिए सदस्यों को नामित नहीं कर सकते। तब अदालत ने नामित सदस्यों को मतदान करने से रोक दिया था, पर यह आशंका जताई थी कि उपराज्यपाल द्वारा नामित सदस्य निर्वाचित एमसीडी को अस्थिर कर सकते हैं। तब लगा था कि फैसला दिल्ली सरकार के पक्ष में आएगा। मगर अब सर्वोच्च न्यायालय ने साफ कर दिया है कि उपराज्यपाल बिना मंत्रिमंडल की सलाह के, सदस्यों को नामित कर सकते हैं। यह मामला कार्यकारी फैसलों की प्रकृति का नहीं है। पिछले एमसीडी चुनाव में आम आदमी पार्टी ने ढाई सौ में से एक सौ चौंतीस सीटें जीती थी। भाजपा को एक सौ चार सीटों पर कामयाबी मिली थी। तब उपराज्यपाल ने दस सदस्यों को नामित कर उन्हें महापौर और उपमहापौर के चुनाव में मतदान करने की इजाजत दे दी थी। इस तरह गड़बड़ी करके भाजपा के अपना महापौर बनाने की कोशिश की आशंका जताई जाने लगी थी। ऐसा चंडीगढ़ नगर निगम में भाजपा पहले कर चुकी थी। फिर, नामित सदस्यों के मताधिकार और उपराज्यपाल द्वारा सदस्यों को नामित करने के अधिकार को लेकर सवाल उठने शुरू हो गए थे। नियम के मुताबिक नामित सदस्य एमसीडी जोनों के चेयरमैन के चुनाव में हिस्सा ले सकते हैं। इससे कुछ जोनों में आम आदमी पार्टी का गणित गड़बड़ हो रहा था। अब सर्वोच्च न्यायालय के फैसले के बाद आम आदमी पार्टी उपराज्यपाल के अधिकारों को चुनौती नहीं दे सकती। हालांकि चुनावी गणित और अधिकारों की जंग में यह सवाल अपनी जगह है कि आखिर सदस्यों को नामित करने की प्रक्रिया में लोकतांत्रिक मूल्यों का कितना ध्यान रखा जाता है। एमसीडी में दस सदस्यों को नामित करने का प्रावधान इस मकसद से किया गया था कि इस तरह कुछ विशेषज्ञों को निगम में रखा जा सकेगा, ताकि उनके अनुभवों का लाभ मिल सके। मगर जिस तरह पार्टी के सक्रिय कार्यकर्ताओं को उपकृत करने की मंशा से नामित किया जाने लगा है, उससे वह तकाजा पूरा नहीं हो पाता। दिल्ली सरकार और उपराज्यपाल के बीच अधिकारों की तरकार में दिल्ली के विकास कार्यों की गति काफी प्रभावित हुई है। हर मामूली बात पर दोनों के बीच जंग छिड़ जाती है और मामला अदालत में पहुंच जाता है। कई बार उपराज्यपाल दिल्ली मंत्रिमंडल के फैसलों या मंत्रियों की सिफारिशों को रद्द कर या टाल देते हैं।

**-राकेश जैन गोदिका**

## परिदृश्य

# बांग्लादेश में तख्ता पलट

करीब सात महीने पहले फिर से सत्ता में आईं बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना को जिस तरह आनन-फानन देश छोड़कर भारत आने के लिए विवश होना पड़ा, उससे यही पता चलता है कि हालात किस कदर उनके खिलाफ हो गए थे। इसे इससे भी समझा जा सकता है कि उनका इस्तीफा मांग रहे प्रदर्शनकारियों ने उनके सरकारी आवास में घुसकर तो तोड़फोड़ की ही, उनके पिता एवं बांग्लादेश के राष्ट्रपिता कहे जाने वाले शेख मुजीब की प्रतिमा को क्षतिग्रस्त करने के साथ उनके नाम पर बने एक संग्रहालय को भी जला दिया। जैसी आशंका थी, शेख हसीना के पलायन करते ही सेना ने सत्ता संभाल ली और मिली-जुली अंतरिम सरकार बनाने की घोषणा की। शायद सेना इसकी तैयारी पहले से कर रही थी। शेख हसीना लगातार चौथी बार ऐसे चुनावों के जरिये सत्ता में आईं थीं, जिनका प्रमुख विपक्षी दलों ने बहिष्कार किया था। चूंकि शेख हसीना ने अपने लंबे शासनकाल में बांग्लादेश को स्थिरता प्रदान की और उसे आगे बढ़ाया, इसलिए उनकी सत्ता को कोई खतरा नहीं दिख रहा था, लेकिन कुछ समय पहले आरक्षण के खिलाफ छात्रों की ओर से शुरू हुआ आंदोलन उनके लिए मुसीबत बन गया। इस आंदोलन को शीघ्र ही शेख हसीना के सभी विरोधियों और साथ ही ऐसे कट्टरपंथी संगठनों ने भी समर्थन दे दिया, जो पाकिस्तान की कठपुतली माने जाते हैं। इसके चलते आरक्षण विरोधी आंदोलन सत्ता परिवर्तन के हिंसक अभियान में बदल गया। लगता है शेख हसीना विरोधियों की चाल भांप नहीं सकीं। हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने आरक्षण में भारी कटौती कर दी, लेकिन विरोधी संतुष्ट नहीं हुए। वे शेख हसीना का इस्तीफा मांगने पर अड़ गए। आरक्षण विरोधी आंदोलन के दौरान बड़े पैमाने पर हुई हिंसा और उसमें तीन सौ लोगों के मारे जाने के कारण शेख हसीना की छवि एक अधिनायकवादी शासक की बनी और पश्चिमी देश विशेषकर अमेरिका उनकी निंदा करने में मुखर हो उठा। अमेरिका उनकी



नीतियों से पहले से ही खफा था, क्योंकि वह मानवाधिकार और लोकतंत्र पर उसकी नसीहत सुनने को तैयार नहीं थीं। बीजिंग और नई दिल्ली के बीच संतुलन साधने की शेख हसीना की नीति से चीन भी उनसे रुष्ट था और इसी कारण उन्हें हाल की अपनी चीन यात्रा बीच में छोड़कर लौटना पड़ा था। इसकी भरी-पूरी आशंका है कि चीन ने पाकिस्तानी तत्वों के जरिये शेख हसीना विरोधी आंदोलन को हवा दी। उनका सत्ता से बाहर होना भारत के लिए अच्छी खबर नहीं, क्योंकि वह नई दिल्ली के प्रति मित्रवत थीं। यदि सेना के प्रभुत्व वाली अंतरिम सरकार चीन के प्रभाव में काम करती है तो यह भारत के लिए और अधिक चिंता की बात होगी। बांग्लादेश में एक अर्से से भारत विरोधी ताकतें सक्रिय हैं। उनका भारत विरोधी चेहरा आरक्षण विरोधी आंदोलन के दौरान भी दिखा। यह ठीक नहीं कि हिंसक प्रदर्शनकारी अभी भी हिंदुओं और उनके मंदिरों के साथ भारतीय प्रतिष्ठानों को निशाना बना रहे हैं।

# 'अंडरस्टैंडिंग जेंडर' विषय पर आधे दिन की कार्यशाला का आयोजन किया

**जयपुर. शाबाश इंडिया**




हिन्दी विभाग, राज. वि वि में आज दिनांक 6 अगस्त, 2024 को 'रूवा' द्वारा अपनी स्थापना के स्वर्ण जयंती वर्ष के अवसर पर 'अंडरस्टैंडिंग जेंडर' विषय पर आधे दिन की कार्यशाला का आयोजन किया गया।इस अवसर पर 'रूवा' की अध्यक्ष डॉ. शशिलता पुरी ने समाज में हमारे बीच लैंगिक समझ को विकसित किए जाने की महती आवश्यकता को रेखांकित किया। रूवा उपाध्यक्ष प्रो. बीना अग्रवाल, प्रो. संगीता शर्मा, संयोजक रूवा अकादमिक प्रकोष्ठ तथा डॉ. प्रिया ने हमारे समाज में विद्यमान लैंगिक विषमता, उसके लिए उत्तरदायी पितृसत्तात्मक व्यवस्था, समाजीकरण की प्रक्रिया, हमारे व्यवहार और मानसिकता में छिपे लैंगिक विभेद और विषमता के लिए उत्तरदायी महीन कारणों को उजागर करते हुए इसके विविध आयामों पर शॉर्ट फि ल्मों, प्रश्नवली और बातचीत के माध्यम से प्रकाश डाला। हिन्दी विभाग के विद्यार्थियों और शोधार्थियों ने इसमें सक्रियता से भाग लिया और जेंडर संबंधी अनेक आशंकाओं, स्थितियों, परिणामों और परिवर्तन की आकांक्षाओं को लेकर अपनी बात संसाधकों से साझा की। इस अवसर पर 'रूवा' के बुलेटिन की प्रतियाँ हिन्दी विभागाध्यक्ष को भेंट की गईं तथा रूवा और राजस्थान पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से संचालित 'महिला सुरक्षा एवं सलाह केंद्र' के पोस्टर भी वितरित किए गए। एक अनिवार्य विषय के तौर पर युवा वर्ग में जेंडर संबंधी भ्रांतियों के निराकरण और स्वस्थ समझ के प्रति जागरूकता बढ़ाने की इस पहल पर विभागाध्यक्ष प्रो. उर्वशी शर्मा में रूवा की समस्त टीम के प्रति आभार व्यक्त किया ।

# संस्कार बहू मंडल ने आयोजन किया लहरिया उत्सव




**सीकर. शाबाश इंडिया।** संस्कार बहू मंडल द्वारा लहरिया उत्सव का कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान ग्रुप के समस्त सदस्य मौजूद थे। ग्रुप की अध्यक्ष अंजू बाकलीवाल मंत्री रेखा झांझरी और कोषाध्यक्ष जुली गंगवाल ने बताया कि इस दौरान लहरिया कार्यक्रम में धार्मिक और भारतीय संस्कृति से जुड़े हुए गेम खेले गए और सावन के गानों पर डांस कर सावन के झूले भी झूले। सभी के सहयोग से संध्याकालीन भोजन का आयोजन भी किया।

# मूक बधिर के साथ मनाया सिंजारा पर्व

## प्लास्टिक वस्तुओं के त्याग की शपथ दिलाई




**कुचामन सीटी. शाबाश इंडिया।** सबको प्यार सबकी सेवा के उद्देश्य से आज महावीर इंटरनेशनल संस्था वीरा धरा आज हरवर्ष की भाती वीरा सचिव शारदा वीर सोहनलाल वर्मा परिवार द्वारा सम्पर्क संस्थान द्वारा संचालित निःशुल्क मूक बधिर बालिका विद्यालय में वीरा बहनो ने बालिकाओ के हाथ से मेहन्दी लगवाकर उज्जवल भविष्य की शुभकामनाए देकर आशिर्वाद प्रदान किया। सभी बालिकाओ को अल्पाहार कराते वीरा अध्यक्ष सरोज पाटनी, वीरा कोषाध्यक्ष मंजू जैन, वीरा कविता अग्रवाल वीरा कल्पना पहाड़िया , वीरा अनिता काला, पार्वती ,वीर रामावतार गोयल, वीर अजित कुमार जैन, वीर सुरेश कुमार जैन , वीर सम्पत बगडीया, वीर सुरेन्द्र सिंह दीपपुरा ,वीर तेजकुमार बड़जात्या, वीर सोहनलाल वर्मा ने सहयौग किया बालिकाओ को पर्यावरण की रक्षा हेतु प्लास्टिक वस्तुओ का उपयोग नही कर वृक्षारोपण करने की शपथ दिलाई व शिक्षण सम्बंधित जरूरतों कि पूर्ती संस्था द्वारा सहयोग का आश्वासन दिया।

# 48 दिवसीय भक्तामर अनुष्ठान में उमड़े श्रद्धालु



**विमल जोला. शाबाश इंडिया**

निवाई। श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन अग्रवाल मंदिर पर सकल दिगम्बर जैन समाज के तत्वावधान में आयोजित 48 दिवसीय भक्तामर मण्डल अनुष्ठान का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भक्तामर स्तोत्र की पूजा अर्चना की। जैन समाज के प्रवक्ता विमल जौंला ने बताया कि जैन मुनि अनुसरण सागर महाराज संघ के सानिध्य में 48 दिवसीय भक्तामर अनुष्ठान किया गया जिसमें राजेश जौंला को भगवान भगवान के अभिषेक एवं शांतिधारा करके भक्तामर अनुष्ठान में 48 श्री फल अर्ध्य संगीत के साथ चडाने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। कार्यक्रम के प्रचार-प्रसार संयोजक विमल जौंला ने बताया कि पण्डित सुरेश कुमार शास्त्री के निर्देशन में रिद्धि मंत्रो द्वारा मण्डल जी पर श्री फल अर्ध्य चडाक र पूजा अर्चना की गई। जौंला ने बताया कि श्रद्धालुओं ने अनुष्ठान में भगवान शांतिनाथ जी के अभिषेक करके शांतिधारा की एवं आचार्य अभिनन्दन सागर महाराज एवं मुनि अनुसरण सागर महाराज की संगीतमय पूजन कर श्री फल अर्ध्य चडाक र पूजा अर्चना की। इस अवसर पर सुशील आरामशीन विमल भाणजा उपेन्द्र जैन महावीर प्रसाद पराणा विष्णु बोहरा सुनील भाणजा नेमीचंद सिरस हितेश छाबड़ा नरेश जैन नवरत्न टोंग्या मोहनलाल चंवरिया सहित कई लोग मौजूद थे।

## धन का सदुपयोग करें दुरूपयोग नहीं




**सुरेश चंद्र गांधी. शाबाश इंडिया**

नौगामा, जिला बांसवाड़ा। परम पूज्य विज्ञान मति माताजी की शिष्या पवित्रमति माताजी के सानिध्य में विशेष शांति धारा अभिषेक आदिनाथ मंदिर में हुई। मंगल प्रवचन में माताजी द्वारा प्रतिदिन प्रातः 8:00 बजे 12 भावना, आलोचना पाठ एवं वैराग्य भावना, पर मंगल प्रवचन होता है आज प्रातः माताजी ने अपने प्रवचन में कहा कि जीवन में 36 आकड़ा नहीं 63 का आंकड़ा होना चाहिए जीवन आसानी से कट जाएगा जीवन में सदैव प्रत्येक के साथ प्रेम भाव से व्यवहार करें क्रोध आदि नहीं करें क्रोध करेंगे तो कलह बढ़ेगा । उन्होंने कहा कि आजकल युवा पीढ़ी इन पश्चातसभ्यता के कारण भटक रही है माता-पिता की सेवा करने से दूर भाग रही है रही है एवं बुरे व्यसन मैं लिफ्त है जीवन बर्बाद कर रही है इसीलिए घर परिवार में शुरू से ही बच्चों को संस्कार बन बनना चाहिए। आज प्रवचन के समय मध्य प्रदेश से पधारे हुए यात्रियों का श्री समाज नौगामा द्वारा चातुर्मास अध्यक्ष निलेश जैन राजेंद्र गांधी नरेश जैन मुकेश गांधी रमेश चंद्र गांधी विपुल पंचोली द्वारा दुपट्टा उड़ा कर पगड़ी पहन कर स्वागत किया। यात्रियों द्वारा माताजी को श्रीफल भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

## छात्राओं ने धरा शिव पार्वती का रूप, सावन के पावन माह में की शिव आराधना



**अमित गोधा. शाबाश इंडिया**

ब्यावर। श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति द्वारा संचालित वर्द्धमान इंस्टिट्यूट ऑफ फैशन डिजाइनिंग एंड मेकअप आर्टिस्ट विभाग द्वारा पवित्र सावन मास के उपलक्ष में शिव जी की आराधना और साधना के उद्देश्य से शिव-पार्वती के स्वरुप तैयार किये गए। इसमें फैशन डिजाइनिंग की छात्राओं द्वारा शिव व पार्वती के वस्त्र डिजाइन किए गए व मेकअप की छात्राओं द्वारा मनमोहक रूप सजाया गया। इस शुभ अवसर पर शिव की भूमिका महाविद्यालय की छात्रा आकांक्षा कंवर और पार्वती की भूमिका आंचल सांखला ने निभाई। इस दौरान शिव पार्वती के स्वरुप का पुष्प वर्षा से स्वागत किया गया साथ ही महादेव के तांडव की प्रस्तुति भी दी गयी। इस अवसर पर शिक्षण समिति मंत्री डा. नरेन्द्र पारख ने छात्राओं द्वारा तैयार किये गए स्वरूपों की प्रशंसा की। साथ ही उन्हें आने वाले समय में अपनी कला के द्वारा हर त्यौहार को महाविद्यालय प्रांगण में अलग तरह से मनाने हेतु प्रोत्साहित किया। महाविद्यालय प्राचार्य डा. आर.सी. लोढा ने छात्राओं द्वारा शुरू किये गए इस नवीन अभिनव की सराहना करते हुए कहा कि साक्षात शिव पार्वती के वर्द्धमान प्रांगण में आगमन से माहौल भक्तिमय हो गया है। यह जीवंत झांकियां मुख्य आकर्षण केंद्र रही और इन्हें देख सभी मन्त्रमुग्ध हो गए। इस अवसर पर व्याख्याता छवि गरवाल, शबाना शेख, रितु प्रजापति, प्रियंका मंगरोला, नीलम खत्री, अंजलि जांगिड सहित समस्त छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

## आशीष छाबड़ा ने लिया इंदौर में विराजित मुनि श्री 108 प्रमाण सागर जी महाराज से आशीर्वाद



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

इंदौर में विराजित मुनि श्री 108 प्रमाण सागर जी महाराज से आशीर्वाद मिला। 5 अगस्त 2024 को मुनीश्री के साथ में कुछ सामाजिक, धार्मिक विषयों पर चर्चा करने का भी अवसर प्राप्त हुआ। मुनि श्री ने श्रीमती नविता जैन व आशीष जैन को सामाजिक और धार्मिक कार्यों को करते रहने का आशीर्वाद दिया और धर्म की राह पर आगे बढ़ाने के लिए कहा।

## शिशु के संपूर्ण स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है मां का दूध



**अशोक नगर. शाबाश इंडिया**। मां का दूध बच्चे के लिए अमृत है, वह न केवल उसके शारीरिक विकास बल्कि मानसिक विकास के लिए भी जरूरी है। स्तनपान से बच्चे के साथ साथ मां को भी कई प्रकार के शारीरिक और मानसिक फायदे होते हैं, उक्त बात महिला बाल विकास विभाग की पर्यवेक्षक सीमा अहिरवार ने विश्व स्तनपान सप्ताह 1-7 अगस्त के दौरान बाली गतिविधियों के दौरान स्तनपान समारोह के अवसर पर कहा और साथ ही आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के माध्यम से घर - घर जाकर माताओं को यह संदेश दिया जा रहा है ! मंगलवार को आयोजित स्तनपान समारोह वार्ड क्रमांक 20के केंद्र 60-61के द्वारा संयुक्त तत्वाधान में स्तनपान समारोह एवं गोद भराई का आयोजन किया गया जिसमें वार्ड की महिलाओं ने बढ़ चढ़कर लाभ लिया। इस अवसर पर कार्यकर्ता मीना जैन ने बताया कि बच्चे के उचित शारीरिक विकास के लिए कम से कम 6 माह तक बच्चे को केवल मां का दूध दिया जाना आवश्यक होता है। इस दौरान बाहर का दूध अथवा ऊपरी आहार, शहद, घुट्टी या टॉनिक बच्चे की आंतों में इन्फेक्शन पैदा करता है जिससे बच्चे को दस्त होने लगती है और बच्चा कुपोषित हो जाता है। विभिन्न मूलभूत बिंदुओं को स्पर्श करते हुए भी उन्होंने अपनी बात रख कर गर्भवती महिलाओं को और साथ ही धात्री माताओं शिशु की सुरक्षा के बल पर प्रकाश डाला आयोजन में गर्भवती महिलाओं की गोद भराई और साथ ही भजन कीर्तन का भी लाभ सभी ने प्राप्त किया।

# जैन धर्म के पांचवें तीर्थकर सुमतिनाथ भगवान का मनाया गर्भ कल्याणक महोत्सव हर्षोल्लास पूर्वक



**फागी. शाबाश इंडिया**

कस्बे सहित परिक्षेत्र के चकवाडा, चौरू, नारेडा, मंडावरी, मेहंदवास, निमेडा, लसाडिया एवं लदाना सहित कस्बे के आदिनाथ मंदिर, पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर, मुनि सुव्रतनाथ दिगम्बर जैन मंदिर , चंद्र प्रभु नसियां सहित सभी जिनालयों में जैन धर्म के पांचवें तीर्थंकर सुमति नाथ भगवान का गर्भ कल्याणक महोत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया। कार्यक्रम में जैन महासभा के प्रतिनिधि राजाबाबू गोधा ने अवगत कराया कि कस्बे के मुनिसुव्रतनाथ जिनालय में आज प्रातः श्रावकों द्वारा श्रीजी का अभिषेक,शांतिधारा, अष्टद्रव्यों से पूजा-अर्चना कर,पंचमेष्ठी, पूर्वाचार्यों की पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि एवं खुशहाली की कामना करते हुए जैन- धर्म के पांचवें तीर्थंकर सुमति नाथ भगवान का गर्भ कल्याणक महोत्सव का जयकारों के साथ सामूहिक रूप से अर्घ्य चढ़ाकर विश्व शांति की कामना की गई इसी कड़ी में मंदिर समिति के मोहन झंडा एवं महावीर प्रसाद मोदी ने अवगत कराया कि उक्त कार्यक्रम में आज विभिन्न परिवार जनों की तरफ से सामूहिक रूप से जयकारों के साथ श्री जी की महाशांती धारा कर मंगलमय कामना की गई। कार्यक्रम में कार्यक्रम मे अनेक श्रावक-श्राविकाएं मोजूद थे।

# रिलायंस फाउंडेशन वायनाड में भूस्खलन पीड़ितों को मदद देगा



**वायनाड. शाबाश इंडिया।** रिलायंस फाउंडेशन ने वायनाड में भूस्खलन पीड़ितों की मदद के लिए कदम बढ़ाया है। फाउंडेशन स्थानीय प्रशासन के साथ मिलकर पीड़ितों को राहत सामग्री जैसे खाद्य पदार्थ, सूखा राशन, रसोई के बर्तन, पीने का पानी, बुनियादी स्वच्छता के सामान, टेंट, बिस्तर, सोलर लालटेन और टॉर्च जैसी चीजें उपलब्ध करा रहा है। रिलायंस फाउंडेशन की फाउंडर और चेयरपर्सन नीता अंबानी ने कहा, ''हम वायनाड के लोगों की पीड़ा और भूस्खलन से हुए भारी नुकसान से दुखी हैं। इस दुख की घड़ी में, हमारी संवेदनाएँ हर उस व्यक्ति और परिवार के साथ हैं जो प्रभावित हुए हैं। मौके पर मौजूद हमारी रिलायंस फाउंडेशन की टीमें दिन-रात काम कर रही हैं। हम इस कठिन समय में केरल के लोगों के साथ खड़े हैं।'' रिलायंस फाउंडेशन वायनाड में भूस्खलन पीड़ितों की मदद के लिए बीज, चारा, उपकरण और व्यावसायिक प्रशिक्षण, बच्चों की शिक्षा के लिए पुस्तकों और खेल सामग्री, और मानसिक - सामाजिक आघात से प्रभावित व्यक्तियों को विशेषज्ञ सहायता प्रदान कर रहा है। संचार सुधार के लिए रिलायंस जियो ने विशेष टावर लगाए हैं।

# भजन संध्या में ''मंत्र णमोकार हमें प्राणों से प्यारा'' भजन पर श्रद्धालु झूम उठे

**सनावद. शाबाश इंडिया**



सिद्धचक्र महामंडल विधान के आयोजक राजेंद्र भूच एवं हेमचंद्र भूच तथा सौधर्म इंद्र बने कमलेश भूच द्वारा विधान के सफल आयोजन के उपलक्ष्य में सोमवार को श्री सुपार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर में संगीतमय भजन संध्या का आयोजन किया गया। जिसमें श्रद्धालु पुरुषों एवं महिलाओं ने भजन की सामूहिक प्रस्तुति दी। प्रदीप पंचोलिया, प्रशांत जैन एवं साथियों ने ''मंत्र णमोकार हमें प्राणों से प्यारा'' भजन की प्रस्तुति दी तो श्रद्धालु जन भक्ति में झूम उठे। संगीता बाकलीवाल एवं संगीता पाटोदी ने भी भजन प्रस्तुत किये। डॉ नरेन्द्र जैन भारती ने बताया कि पूज्य आर्यिका सरस्वती माता जी भी सम्मिलित हुई। आशीष झांझरी, संतोष बाकलीवाल, लविश जैन, रितिक जैन, अतिवीर भूच, संयम भूच, अनुभव जैन, मंजुला भूच, मीना बाकलीवाल, हीरामणी भूच, रेखा भूच, प्रिया जैन, वीनस जैन अंशुमा जैन, उर्मिला जैन, रजनी भूच, सहित अनेक श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

# उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने खिलाड़ियों का किया सम्मान



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** कजाकिस्तान में आयोजित वर्ल्ड चेम्पियनशिप में वेट लिफ्टिंग में राजस्थान के पवन कुमावत ने स्वर्ण, नंदकिशोर ने रजत पदक अपने नाम किया। खिलाड़ियों के जयपुर लौटने पर उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने सचिवालय में खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन कर हौसला बढ़ाया। साथ मे प्रदेश युवा मोर्चा के रजत डागा एवं मनीष कुमावत भी उपस्थित रहे। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने बताया प्रदेश की सरकार युवाओ ओर खेल को आगे बढ़ाने के लिए कई क्षेत्रों में कार्य कर रही है। साथ ही पदक विजेता खिलाड़ियों को आ रही समस्या एवम उनके स्थायी समाधान का आश्वासन भी दिया।

# महावीर स्कूल द बेस्ट स्कूल इन नॉर्थ इंडिया अवार्ड के लिए चयनित

**जयपुर. शाबाश इंडिया।** एजुकेशन टुडे की ओर से नॉर्थ इंडिया स्कूल्स रेटिंग एंड रैंकिंग के अंतर्गत बेस्ट स्कूल्स इन नॉर्थ इंडिया अवार्ड, रिवार्डिंग एक्सीलेंस इन एजुकेशन 2024-25 की श्रृंखला में महावीर पब्लिक स्कूल, सी-स्कीम, जयपुर को ₹बेस्ट करिकुलम डिजाइन एडैप्टेशन अवार्ड₹ के लिए चुना गया है। इस अवार्ड के लिए महावीर पब्लिक स्कूल को पंजाब, हिमाचल-प्रदेश, जम्मू- कश्मीर, उत्तराखंड और राजस्थान के 100 स्कूलों में से चयनित किया है।महावीर स्कूल को यह अवार्ड एकेडमिक्स एंड पेडॉगॉजी, टीचर्स को- करिकुलर एजुकेशन, स्पोर्ट्स एजुकेशन, कम्युनिटी सर्विस, करियर काउंसलिंग एंड एडवांसमेंट, साइकोलॉजिकल वेल बिंग ऑफ स्टूडेंटस, फ्यूचर प्रूफ लर्निंग इंफ्रास्ट्रक्चर, एकेडमिक रेपुटेशन, एक्सीलेंस इन एजुकेशन आदि विषयों के आधार पर फेसबुक, ट्विटर आदि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अभिभावकों द्वारा की गई वोटिंग के आधार पर दिया जाएगा। अवार्ड सेरेमनी 30 अगस्त 2024 को गुड़गांव में होगी।

# ज्ञान गंगा महोत्सवः क्रोध के समय लिया गया फैसला पूरा जीवन तबाह कर सकता हैः आचार्य पुलक सागर

**ऋषभदेव. शाबाश इंडिया**

नगर के नया बस स्टैण्ड पर चल रही ज्ञान गंगा महोत्सव के तहत सोमवार को भारत गौरव राष्ट्र सन्त आचार्य पुलक सागरजी नेअपने प्रवचन के माध्यम से बताया कि क्रोध के समय 2 मिनट में लिया गया फैसला पूरा जीवन तबाह कर सकता है। पहले यह विचार करो कि आखिर यह क्रोध आता क्यों है। जब-जब अपेक्षा की उपेक्षा होती है, तो क्रोध का जन्म हो जाता है। आचार्य जी ने कहा कि तुम किसी से क्यों रखते हो अपेक्षाएं। जितना हो सके अपने स्वयं के बल पर जिओ। एक गिलास पानी भी चाहिए तो स्वयं भर कर पी लो। निश्चित ही तुम्हारे जीवन में शांति के द्वार खुल जाएंगे। क्रोध के गुलाम नहीं मालिक बनो। जब भी गुस्सा आए तो उसे बस 5 मिनट का इंतजार कराओ, फिर देखना गुस्सा तुम्हारा इंतजार नहीं करेगा और भाग जाएगा। क्रोध की चिंगारी जीवन को जलाकर नष्ट कर देती हैं। जैसे तुम अपनी दुकान में अग्नि बुझाने के लिए अग्निशमन यंत्र रखते हो वैसे क्रोध की अग्नि बुझाने के लिए समझदारी का यंत्र रखो। जैसे ही क्रोध आए समझदारी का जल डाल दो, तुम देखना कि क्रोध आपने से कमजोर और निर्बल पर ही निकलता है। किसी बलवान को देखकर क्रोध प्रकट नहीं होता। मानव का जीवन घास की ओस की बूंद के समान है। आचार्य जी ने कहा कि यह बूंद कब मिट जाए किसी को नहीं पता। आचार्य जी ने कहा कि जरा विचार करो इस अमूल्य तेरे मेरे के झगड़े में बर्बाद क्यों किए जा रहे हो। आप और हम आपस में ही लड़ रहे हैं। समाज परिवार को हम खंड-खंड में बंटने दे रहे हैं। आचार्य जी ने कहा कि आज



समाज में एक तरफ तो एक भाई करोड़ों का दान करता है, दूसरी ओर उसका भाई आज का अभाव का जीवन जी रहा है। याद रखो संविधान को स्वीकार कर लिया, लेकिन ईश्वर कभी स्वीकार नहीं करेगा। आचार्य जी ने कहा कि शांति के बदले शांति मिलती है। क्रोध में लिए गए निर्णय गलत हुआ करते हैं। क्रोध बुद्धि को नष्ट कर दिया करता है। इससे बचने का प्रयास करें। इससे पूर्व भगवान ग ऋषभदेव एवं आचार्य पुष्पदन्त सागर जी छवि के आगे दीप प्रज्जवलन मेवाडा सुथार समाज के अध्यक्ष किनश सुथार पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी शान्तिलाल व्यास कोटक महेन्द्रा बैक के प्रबंध क रविन्द्र जैन एवं आचार्य श्री का पाद प्रक्षाल व शास्त्र भेट करने का लवंगी देवी नाथू लाल भंवरा परिवार को लाभ मिला कार्यक्रम का संचालन समाज के महामन्त्री प्रदीप जैन ने किया।

# अन्तर्मना आचार्य प्रसन्न सागरजी महाराज के प्रवचन

## अपने चरित्र और विचारों में पवित्र रहो.. फिर किसी में इतना दम खम नहीं कि जो तुम पर ऊंगली उठा सके!



चमत्कार उन्हीं के जीवन में घटते हैं जिनके मन पवित्र और प्राण आत्म विश्वास से भरे होते हैं। एक युवक ने सन्त से पूछा- ? महात्मा जी - मैं कितनी देर शान्त रहने की साधना करूँ ? सन्त ने कहा - एक क्षण के लिये शान्त हो जाओ। शेष की चिन्ता मत करो। उस युवक ने पूछा- ? महात्मा जी - एक क्षण में क्या होगा- ? संत ने कहा - जो एक क्षण शान्त होने की कला सीख लेता है वो ज़िन्दगी भर शान्त रह सकता है। क्योंकि एक क्षण और एक श्वांस का ही जीवन है। जब भी ज़िन्दगी में आता है तो एक क्षण ही हाथ में आता है। यदि एक क्षण को मैं इमानदारी से जीऊँ, एक क्षण अपने आप को बदल सकूं, एक क्षण शान्त कर सकूं, और अन्तःकरण को आनन्द से भर सकूँ, तो मेरी ज़िन्दगी का पूरा मूल वसूल हो गया समझना। क्योंकि सारा खेल ज़िन्दगी में एक क्षण और एक श्वांस का ही है...। -नरेंद्र अजमेरा, पियुष कासलीवाल औरंगाबाद।

# जैन सोशल ग्रुप नार्थ के सदस्यों ने सावन उत्सव मनाया



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** जैन सोशल ग्रुप नार्थ ने रविवार को सावन महीने मे लहरिया तर्ज पर बरसात की फुहार मे सावन उत्सव मनाया। ग्रुप सचिव विशुतोष चाँदवाड ने बताया कि रविवार को ग्रुप के सभी दम्पति सदस्यों ने जयसिंहपुरा स्थित फॉर्म्स हाउस मे सावन री बहार कार्यक्रम आयोजित किया जिसमे राजस्थानी थीम पर देसी गेम खिलाये गए । गेम्स की संयोजिका ऋतू बड़जात्या, नीति चाँदवाड, रेखा जैन, अनीता अजमेरा, सुनीता पाटनी,रिद्धि जैन, रानू सोगानी आदि ने शानदार मनोरंजन से भरपूर गेम्स सदस्यों को खिलाये, सावन थीम पर आधारित रोचक हाउजी श्रीमती नीति चाँदवाड एवं श्रीमती सुनीता पाटनी ने खिलाई। खानपान की व्यवस्था ग्रुप सह सचिव महेंद्र जैन ने संभाली शाम को सभी दम्पति सदस्यों ने चूरमा, दाल, बाटी का लुफ्त उठाया इस अवसर पर संस्थापक अध्यक्ष मनीष झांझरी एवं पूर्व अध्यक्ष अभय गंगवाल ने आगामी 17 अगस्त 2024 को लगाए जाने वाले जयपुर फुट कैंप की जानकारी सभी सदस्यों की दी अभी तक 65 फुट कन्फर्म हो गए है और लक्ष्य 101 फुट लगवाने का है। ग्रुप उपाध्यक्ष अजय बड़जात्या ने बताया कि इस कार्यक्रम मे ग्रुप की तरफ से सभी सदस्यों को मित्रता दिवस पर बेंड बान्धे एवं सभी महिला सदस्यों को लहरिया दुप्टा ओढ़ाया गया।


## आपके विचार

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक राकेश जैन गोदिका द्वारा प्रकाशित दैनिक-ईपेपर 'शाबाश इंडिया' आम पाठक और समाज में जागरूकता फैलाने में सेतू का काम कर रहा है। आप अपने क्षेत्र के समाचार, आलेख, विचार आदि ई-मेल कर सकते हैं या निम्न नंबरों पर वाट्सअप कर सकते हैं।

सम्पादकः राकेश जैन गोदिका
@ 94140 78380, 92140 78380

दैनिक ई-पेपर
शाबाश इंडिया
shabaasindia@gmail.com
weeklyshabaas@gmail.com

# छोटी काशी जयपुर में शिव भक्तों के लिए गंगाजल के साथ अन्य पवित्र तीर्थ स्थानों से लाये गए पवित्र जल एवं अन्य दिव्य औषधियों से होगा शिव का महाभिषेक

**जयपुर. शाबाश इंडिया**




सोडाला नंदपुरी स्थित श्री सिद्धेश्वर महादेव हनुमान मंदिर में सोमवार, 12 अगस्त को हरिद्वार से लाए जा रहे गंगाजल, तीर्थों के जल और दिव्य औषधियों से महा शिव अभिषेक और आराधना का आयोजन होगा। मुख्य आयोजक पंकज ओझा एवं गब्बर कटारा ने बताया कि यह भव्य कार्यक्रम परम श्रद्धेय अवधेश दास महाराज के पावन सानिध्य में सिद्धेश्वर हनुमान मंदिर, स्वेज फॉर्म, सोडाला में सुबह 5 से दोपहर 2 बजे तक आयोजित होगा। कार्यक्रम का उद्देश्य श्रावण मास का चतुर्थ सोमवार हिन्दू धर्म में एक अत्यंत महत्वपूर्ण दिन माना जाता है। इस दिन भगवान शिव की उपासना करने से उनकी विशेष कृपा प्राप्त होती है। शिव भक्तों के लिए यह दिन अलौकिक महत्व रखता है। क्योंकि इस दिन किए गए शिव अभिषेक और आराधना से भगवान शिव अपने भक्तों पर अपार कृपा बरसाकर उनके सभी दु:ख-दर्द हर लेते हैं।

## गंगाजल के साथ महाशिव अभिषेक...

आराधना और शक्ति की अविरल धारा का आयोजन भगवान शिव के आशीर्वाद को प्राप्त करने और धर्म के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए किया जा रहा है। यह कार्यक्रम सभी भक्तों के लिए खुला रहेगा और इसमें भाग लेने वाले किसी भी श्रद्धालु के लिए कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा। गंगाजल महा शिव अभिषेक आराधना और शक्ति की अविरल धारा का यह आयोजन। निम्नलिखित उद्देश्यों को ध्यान में रखकर किया जा रहा है... धार्मिक जागरूकता का प्रसार प्रसार, सामाजिक समरसता, आध्यात्मिक उन्नति, परंपराओं का संरक्षण इत्यादि हेतु... सुबह 5 बजे भगवान शिव आरती एवं मंत्रोच्चार के साथ कार्यक्रम की शुरूआत होगी। धार्मिक गायन एवं भजनों का आयोजन भी इस दौरान किया जाएगा और वेद मन्त्रों से स्तुति होगी। सुबह 6 बजे से दोपहर 2 बजे तक गंगाजल से भगवान शिव का महा शिव अभिषेक किया जाएगा। इस अभिषेक में 7 तीर्थों का जल उपयोग में लिया जायेगा जिसमें गंगाजल, कैलाश मानसरोवर का जल, गंगासागर का जल, रामेश्वरम का जल,नर्मदा का जल, सरयू नदी का जल, पुष्कर का जल, और दिव्य औषधियों जैसे नाग केशर प्रियंगु, भांग, शमी पत्र, आंकड़ा एवं सात प्रकार के रस एवं दुग्ध धारा से अभिषेक होगा। सभी आमजन के लिए बिना पास के शिव अभिषेक की व्यवस्था है, जबकि विशिष्ट अतिथि एवं अतिथि निमंत्रण के कार्ड के माध्यम से अभिषेक कर सकेंगे।

**गंगाजल की रहेगी विशेष व्यवस्था...** हरिद्वार से पवित्र गंगाजल बड़े टैंकर में भरकर जयपुर लाया जाएगा। जयपुर में गंगाजल का स्वागत ढोल नगाड़ों के साथ किया जाएगा। इसे प्रमुख नदियों एवं सरोवरों के जल के साथ मिलाकर अभिषेक किया जायेगा। गंगाजल को विशेष ब्रांडिंग किए हुए दो टैंकरों में वितरित किया जाएगा, जिनसे भक्तों को गंगाजल से अभिषेक हेतु कलश दिए जाएंगे। बेल पत्र और पुष्प भी उपलब्ध करवाए जाएंगे।

**कावड़ियों के लिए रहेगी विशेष व्यवस्था...** इस कार्यक्रम में एक विशेष व्यवस्था शिव भक्तों के लिए रखी गई है जो भक्त हरिद्वार या अन्य किसी गंगाजल स्रोत्र से कावड नहीं ला सकता है उसके लिए स्वेज फार्म सर्कल पर हरिद्वार से लाये गए टैंकर खड़ा किया जायेगा, शिव भक्त वंहा से गंगाजल प्राप्त कर भगवान शिव का अभिषेक कर पुन्य प्राप्त कर सकते हैं। कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा, मेडिकल सुविधाएं, साफ-सफाई और वॉलिंटियर्स द्वारा प्रबंधन की सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएंगी। मंदिर की विशेष सजावट एवं भक्तिमय विशेष धार्मिक माहौल के लिए विशेष तैयारियां की गई हैं। इस कार्यक्रम का प्रचार-प्रसार , सोशल मीडिया, स्थानीय मीडिया, पोस्टर, बैनर, रील्स और संबोधन के माध्यम से किया जा रहा है। सभी शिव भक्तों से अनुरोध है कि वे इस पावन अवसर पर अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर भगवान शिव और गौरी माँ की कृपा प्राप्त करें और इस धार्मिक आयोजन को सफल बनाएं।

# राजस्थानी फिल्म म्हारो श्याम का हुआ मुहूर्त

## अभिनेत्री प्रिया राठौड़ और एनके मित्तल ने दिया मुहूर्त शॉट

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

मित्तल मूवीज के बैनर तले बन रही राजस्थानी फि ल्म म्हारो श्याम का होटल गोल्डन ट्यूलिप में सोमवार को मुहूर्त किया गया। अभिनेत्री प्रिया राठौड़ और अभिनेता एन के मित्तल पर मुहूर्त शॉट फिल्माया गया। इस अवसर पर मुख्य मंत्री के पूर्व ओएसडी और वरिष्ठ साहित्यकार फारूक आफरीदी,चिकित्सा विभाग के संयुक्त आयुक्त डॉ. एस.एन. धौलपुरिया, सैंसर बोर्ड के पूर्व सदस्य रियाज फारूकी, फिल्म निमार्ता एन के मित्तल, फि ल्म के लेखक संतोष निर्मल, फि ल्म के निर्देशक और अभिनेता मंजूर अली, केमरामैन जय तारी,साहिल खान,लखविंदर, नरवड़ शरीफ दरगाह के खादिम इमरान खान और साहित्य और संस्कृति से जुड़ी हस्तियां मौजूद रही। इस मौके पर मुख्य अतिथि फारूक आफरीदी ने राजस्थानी भाषा साहित्य और संस्कृति के उन्नयन में राजस्थानी फिल्मों के योगदान की चर्चा करते हुए राजस्थानी भाषा को संवैधानिक मान्यता प्रदान करने और राजस्थानी फिल्मों को प्रोत्साहन और आर्थिक संबल की दृष्टि से अनुदान राशि बढ़ाने के बारे में विचार व्यक्त किए। दिनेश कुमार और रियाज फारूकी ने फिल्म निमार्ता और पूरी टीम को हार्दिक बधाई दी और सफलता की कामना की। फिल्म के गीत रफीक राजस्थानी के होंगे और संगीत राज सेन देंगे।






# पतंजलि योग परिवार ने मनाया जड़ी-बूटी दिवस

## योग साधकों ने पतंजलि योगपीठ के सह संस्थापक आचार्य बालकृष्ण के जन्मदिवस को जड़ी-बूटी दिवस के रूप में मनाया



**रमेश भार्गव. शाबाश इंडिया**

ऐलनाबाद। शहर के संस्था पतंजलि योग परिवार द्वारा सनातन धर्मशाला में निरंतर चल रही मस्त आदर्श निःशुल्क योग कक्षा में जड़ी-बूटी महोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। इस कार्यक्रम में योगाभ्यास, भजन और औषधीय पौधे वितरण किया गया।मुख्य योग शिक्षक हेमराज सपरा ने बताया कि आचार्य चरक, सुश्रुत और महर्षि पतंजलि के ज्ञान विज्ञान और शोध से हम सब को परिचित कराने वाले और आयुर्वेद को घर घर पहुँचाने वाले आचार्य बालकृष्ण के जन्मदिन एवं जड़ी बूटी दिवस की अनंत प्रतिभाओं के धनी आचार्य ऐसे ऊजार्वान व्यक्तित्व को शब्दों में परिभाषित कर पाना मुश्किल है।जो हम सभी के जीवन में ऊर्जा एवं शक्ति का अद्भुत संचार अपने अनुपम आचरण से करते हैं, उनके लिए पतंजलि योग परिवार ऐलनाबाद ईश्वर से दीर्घायु एवं स्वास्थ्य के लिए हृदय से प्रार्थना करता है।अपितु आप समाज को जैसा देखना चाहते हैं।उन बड़े कार्यों को स्वयं करना हमारा लक्ष्य है।इसलिए आज कहीं कोई जड़ी बूटी दिवस मना रहा है, तो कहीं जड़ी बूटी सप्ताह मनाया जा रहा है प्रकृति सरंक्षण का इससे ज्यादा सहज, सरल एवं सुख दायक कार्य नहीं है।हर साधक को अपने जन्मोत्सव पर शादी की सालगिरह पर और किसी भी खुशी के मौके पर एक पेड़ अवश्य लगाना चाहिए क्योंकि आने वाली हमारी पीढ़ी के अच्छे स्वास्थ्य के लिए बहुत ही जरूरी है। इस अवसर पर संगठन मंत्री राजगोपाल बेनीवाल, जनता वैलफेयर ट्रस्ट के अध्यक्ष हनुमानप्रसाद अग्रवाल, कोषाध्यक्ष श्रवण कुमार बंसल, समाजसेवी श्याम लाल जिंदल, विजय गर्ग, अजय सरदाना, महेश मित्तल, दुर्गा प्रसाद, नरेश तनेजा, योग शिक्षक भीम कानसरिया बलराज कूका, ग्रामीण महिला प्रभारी छिंद्र कौर, महिला तहसील प्रभारी गीता बेनीवाल, योग शिक्षिका सरोज सपरा, शारदा बंसल, ममता मित्तल, मीनाक्षी कानसरिया, मोनिका गर्ग, किरण शर्मा, सीमा तनेजा, ज्ञानवती, मंजू गर्ग कुन्दन लाल, नवीन कंम्बोज, राधे श्याम शर्मा, इंदू बंसल, नेहा कानसरिया कान्ता देवी, सहित काफी संख्या में सदस्य उपस्थिति रहे। अतः में सभी साधकों को प्रसाद वितरण कर मुंह मीठा कराया गया।

# संतों की वाणी समता भाव रखती है: मुनिश्री प्रशमानन्द

## आज से होगी 26 दिवसीय अरिहंतों की आराधना



**मनोज जैन नायक. शाबाश इंडिया**

मुरैना। जिस व्यक्ति ने अपने जीवन में अपनी वाणी पर अंकुश लगा लिया, समझो उसका मानव जीवन सार्थक हो गया । मानव जीवन में वाणी का अत्यधिक महत्व है । इस वाणी के द्वारा ही हम मित्र और दुश्मन बना लेते हैं । मनुष्य को सदैव कम बोलना चाहिए, मीठा बोलना चाहिए, सोच समझकर बोलना चाहिए । कठोर बचन, कर्कश बचन बोलने से सामने वाले व्यक्ति को तो दुख पहुंचता ही है साथ ही कठोर बचन बोलने वाले का मन भी अशांत हो जाता है । वर्तमान में मानव ने भगवान महावीर के जियो और जीने दो के संदेश को भुला दिया है। न वह स्वयं शांति से जीता है, न दूसरों को शांति से जीने देता है। हमें सदैव समता भाव रखना चाहिए । संत लोग हमेशा समता भाव रखते हैं, वे सदैव मीठा बोलते हैं, प्रिय वचन बोलते हैं, दुश्मन हो या प्रियवर हो सभी को एकसा आशीर्वाद प्रदान करते हैं । उक्त उद्गार युगल जैन संत प्रशमानंद जी महाराज ने श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन पंचायती बड़ा मंदिर में धर्म सभा को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। ज्ञातव्य हो कि नगर के बड़ा जैन मंदिर में अभीक्षण ज्ञानोपयोगी आचार्य श्री वसुनंदी जी महाराज के परम शिष्य युगल मुनिश्री शिवानंद जी महाराज एवम मुनिश्री प्रशमानंद जी महाराज का वर्षायोग चल रहा है । पूज्य युगल मुनिराजों के पावन सान्निध्य में 07 अगस्त से 01 सितम्बर तक निरंतर श्री अरिहंत परिमेष्ठि की आराधना की जायेगी । जैन धर्म में 24 तीर्थंकर होते हैं, प्रतिदिन एक एक तीर्थंकर का विधान होगा । 24 तीर्थंकर विधान के शुभारंभ में बुधवार 07 अगस्त को प्रातः अभिषेक शांतिधारा के पश्चात पात्र शुद्धि, देव आज्ञा, गुरु आज्ञा, आचार्य निमंत्रण, मंडप शुद्धि आदि कार्यक्रम होगे । गुरुवार 08 अगस्त से 31 अगस्त तक प्रतिदिन प्रातः 06.45 से 08.00 बजे तक चौबीस तीर्थंकरों के विधान होगें । रविवार 01 अगस्त को विश्व शांति के कामना के साथ हवन होगा एवम चोबीस तीर्थंकर विधान का समापन होगा । विधान की सभी धार्मिक क्रियाएं ब्रह्मचारी नवीन भैयाजी जबलपुर संपन्न कराएंगे ।

# नचिकेतन मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में गूंजी हरियाली तीज की रौनक

**रमेश भार्गव. शाबाश इंडिया**

ऐलनाबाद। शहर के ठोबरिया रोड पर स्थित नचिकेतन मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में हरियाली तीज का पर्व धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में सावन के झूलों से लेकर पंजाबी गीतों पर थिरकते बच्चे दिखाई दिए। सभी बच्चो ने सावन के झूलो का आनंद लिया। इसके बाद इंटर-हाउस सोलो डांस प्रतियोगिता रखी गई। जिसमे नवप्रीत , यशमीत, खुशप्रीत , व परविंदर ने अपने अपने हाउस को प्रस्तुत कर पंजाबी लोक गीतों पर नृत्य किया व इसके बाद कक्षा छठी से बाहरवीं के छात्रों ने दस्तार में भाग लिया। जिसमे सिमरनजीत ने बाजी मारी। कक्षा नर्सरी से पहली के सभी बच्चो ने पंजाबी लोक गीतों पर नृत्य कर हरियाली तीज का उत्सव मनाया। स्कूल अध्यापक कपिल शर्मा द्वारा हरियाली तीज से जुड़े भगवान शिव पार्वती से जुड़े किस्से बच्चों को सुनाकर हरियाली तीज का महत्व समझाया। कॉमर्स संकाय के अध्यापक वीरेंदर सिंह ने दस्तार प्रतियोगिता का आयोजन करवाया। स्कूल स्टाफ मुस्कान व पवनदीप ने कार्यक्रम का आयोजन किया। इसके अलावा स्टाफ सुनीता, सिमर, हरप्रीत, दिवप्रीत, मनदीप, हरजीत, मनजीत, पिंकी, अलीशा आदि सभी के सहयोग से कार्यक्रम का सफल बनाया गया। स्कूल डायरेक्टर वेद प्रिय गुप्ता, को डायरेक्टर वेद मित्तर गुप्ता, सचिव गुरमुख सिंह ढिल्लों व प्रिंसिपल सुजाता पारीक ने विभिन्न प्रतियोगिताओ में विजयी रहे बच्चो को पुरस्कृत कर हौसला बढ़ाया।



# परम पूज्य मुनि श्री विनम्रसागर महाराज के देशना से प्रभावित होकर किन्नर समाज ने महामहिम आचार्य श्री जी के प्रकल्प प्रतिभास्थली के लिया दिया 125000 की राशि का सहयोग

## सभी के लिए एक प्रेरणादायक सोच



**इंदौर. शाबाश इंडिया।** कही ऐसे क्षण होते है जो एक समाज के लिए इतिहास लिख देते है और समाज एवम मानवजाति एवं जगत के लिए एक प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत करते है रविवार ऐसा ही हुआ परम पूज्य मुनिश्री 108 विनम्रसागर महाराज की विनम्र वाणी प्रवचनों से प्रेरित होकर इंदौर नगर की किन्नर समाज ने इदौर स्थिति रेवती रेंज प्रतिभास्थली हेतु 125000 की राशि का अनुदान दिया जो सचमुच सभी के लिए अनुपम उदाहरण है। धर्म समाज प्रचारक राजेश जैन दद्दू ने बताया कि इस अनुपम उदाहरण के परिप्रेक्ष्य मे परम पूज्य मुनिश्री 108 विनम्रसागर महाराज ने कहा की में अभिभूत हु मै इंदौर की जनता के साथ जरा जरा सी बात पर मुझ जेसे सामान्य से छोटे साधु को जरा जरा सी बात पर समर्थन देकर हाथ मजबूत करना बड़ा अच्छा लगता है जीवन का अभूतपूर्व अवसर मेरे सामने आया जिसको आप किन्नर कहते है ऐसे 12,13,किन्नर आकर 125000 की राशि चातुर्मास कमेटी को दे गए उनसे जब पूछा आप किन्नर होकर दान दे रहे है तो उन्होने कहा हमारी जो चमेली है प्रतिदिन परम पूज्य मुनि श्री विनम्र सागर जी के प्रवचन सुनती है प्रवचन सुनते हुए जब आपने प्रतिभास्थली की बेटियों की बात कही तब हमको अपनी पर्याय का दुख हुआ किन्नरों ने रात मे बैठकर जो मेने अपने प्रवचन मे प्रतिभास्थली बेटी बचाओ की बात को सुना हम समाज से उपेक्षित है जीवन भर उपेक्षा का शिकार रहे है यह बात उन्होने कमेटी और हमारे सामने कही और कहा की यह 125000 हमसे लेकर किसी बेटी का भविष्य संवार दो पढ़ा लिखा कर।

# देहदानी परिवारों का सम्मान समारोह की तैयारियों को लेकर हुई बैठक



## गुरुदेव श्री विश्वरत्न सागर सूरीश्वर जी महाराज साहब ने किया पोस्टर का विमोचन

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

देहदान- नेत्रदान- त्वचा दान व रक्तदान के क्षेत्र में गत 31 वर्षों से कार्य कर रही जैन सोशल ग्रुप सेंट्रल संस्था के बैनर तले आगामी 17 अगस्त को अंगदान- देहदान- त्वचा दान - नेत्रदान जागृति संगोष्ठी राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में और 18 को बिरला ऑडिटोरियम में देहदानी परिवारों का सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। इस आयोजन के बहुरंगीय पोस्टर का विमोचन श्री जैन श्वेताम्बर संघ में चल रहे चातुर्मास के दौरान गुरुदेव श्री विश्वरत्न सागर सूरीश्वर जी महाराज साहब ने पोस्टर का विमोचन किया। इस कार्य के लिए गुरुदेव ने सेंट्रल संस्था की टीम को बधाई दी। इस मौके पर ग्रुप के संस्थापक अध्यक्ष कमल संचेती, प्रदीप भंडारी, सुधेंद्र चोरडिया,नवीन डोसी, उत्तम खटोड़,सुमंत जैन,जवाहर नगर संघ के अध्यक्ष उम्मेद कुमार मूसल,विनोद संचेती,सुधेन्द्र गेमावत सहित अन्य लोग मौजूद रहे। ग्रुप के संस्थापक अध्यक्ष संचेती ने बताया कि इस समारोह को भव्य बनाने के लिए बैठक लाल कोठी,ज्योति नगर स्थित वर्धमान भवन में आयोजित की गई। बैठक में आयोजन को सफल कैसे बनाया जाए और लोगों कों देहदान के प्रति कैसे जागरूक किया जाए,इसं पर चर्चा की गई। ग्रुप उपाध्यक्ष सुरेश चंद जैन ने बताया कि इस मौके पर उपस्थित सभी सदस्यों ने एक स्वर में हर प्रकार से सहयोंग करने का आश्वासन दिया। समारोह के कोर्डिनेटर सीए अशोक हरकावत व सुधेंद्र चोरडिया ने उपस्थित जनों को तीन दिवसीय प्रोग्राम की जानकारी देते हुए बताया कि पूरे भारतवर्ष में जो संस्थाएं अंगदान, नेत्रदान-त्वचा दान व रक्तदान क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य कर रही है,उनके साथ 16-17 अगस्त को एक कॉन्क्लेव का भी आयोजन किया जाएगा। कॉन्क्लेव में इस कार्य के प्रति कैसे जागरूक किया जाए,इस पर चिंतन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि संस्था के प्रयास से अब तक 253 देहदान विभिन्न मेडिकल कॉलेज में, 22 त्वचा दान एमएमएस मेडिकल कॉलेज में, 3300 से अधिक नेत्रदान एस एम एस हॉस्पिटल व राजस्थान आई बैंक सोसायटी को करवाए जा चुके हैं,साथ ही 15 हजार से अधिक रक्तदान भी विभिन्न शिविरों के माध्यम से संस्था के सौजन्य से करवाए गए हैं। आयोजन में केन्द्र व राज्य सरकार के मंत्री, सामाजिक,चिकित्सा संस्थानों के प्रतिनिधियों की भाग लेने की संभावना है।

# आचार्य कुंदकुंद विरचित प्रवचनसार पर हुई विद्वत संगोष्ठी

**जयपुर. शाबाश इंडिया**





बापूनगर स्थित ज्ञानतीर्थ श्री टोडरमल स्मारक भवन में पण्डित टोडरमल सर्वोदय ट्रस्ट, जयपुर के बैनर तले चल रहे 47वें आध्यात्मिक शिक्षण शिविर के तहत आज आचार्य कुंदकुंद विरचित प्रवचनसार पर विद्वत संगोष्ठियों का आयोजन किया गया। इस मौके पर वक्ताओं ने कई बिन्दुओं पर चर्चा की। संगोष्ठी की अध्यक्षता ज्ञानदीप पंडित अभय कुमार शास्त्री देवलाली ने की। संगोष्ठी में जैनदर्शन के तीन प्रवक्ताओं में कारंजा महाराष्ट्र से आए पंडित गौरव शास्त्री उखलकर ने उपभोग की हेतु विषय पर प्रकाश डाला। दिल्ली से आए पंडित राकेश शास्त्री ने मोह के नाश के लिए किसप्रकार कमर कसना है, इस बात को स्पष्ट किया,वहीं छिंदवाड़ा से पंडित सहज शास्त्री ने सप्तभंगी व चेतना के स्वरूप को स्पष्ट किया। उक्त सभी चचाएँ प्रवचनसार के शुभ परिणामाधिकार के आधार से की गई। सभी विद्वानों ने अपने विषय को 15 मिनट में प्रस्तुत किया। सभा का संचालन पण्डित अखिल शास्त्री, जयपुर किया। महामंत्री परमात्म प्रकाश भारिल्ल ने बताया कि 11 अगस्त तक चलने वाले इस शिविर में देश भर से ख्यातिप्राप्त 70विद्वान अध्यात्म रस की गंगा बहा रहे हैं। इस दौरान श्रावक-श्राविकाएं प्रतिदिन लगभग 14 घंटे तक प्रवचन, विधान, कक्षा, गोष्ठी, संगोष्ठी, परिचर्चा, भक्ति आदि के माध्यम से अध्यात्म को समझकर, आत्मा के स्वरूप को पहचान रहे है।

# आराधक वही, जो परमात्मा के वचनों को मन में स्थिर करे: युवाचार्य महेंद्र ऋषि

सुनील चपलोत. शाबाश इंडिया



चैन्नेई। व्यक्ति की आस्थाएं डगमगाती है, तो उसकी साधना, आराधना में आत्मगुणों का विकास नहीं हो पाएगा। मंगलवार एएमकेएम जैन मेमोरियल सेंटर मे आयोजित धर्मसभा में श्रमण संघीय युवाचार्य महेंद्र ऋषि जी महाराज ने श्रावक श्राविकाओं को धर्म उपदेश प्रदान करतें हुए कहा कि प्रत्येक जीव का अनादिकाल का प्रभाव है कि वह पुनः मोहनीय कर्म में फंस जाता है। मोहनीय कर्म के उदय से सम्यक ज्ञान, सम्यक चारित्र प्रकट नहीं होते। दर्शन मोहनीय कर्म के वेदन से अनादिकाल से संसार में भ्रमण कर रहे हैं। उन्होंने कहा जब तक मन में संदेह रहता है तो कोई परिणाम नहीं आता। हमारे मन को बैचेन रखने वाली यह एक ऐसी समस्या है जो ज्ञानियों द्वारा बताई गई है। जब तक व्यक्ति की आस्थाएं डगमगाती है, उसकी साधना, आराधना में आत्मगुणों का विकास नहीं हो पाता। साधना, आराधना का मुख्य लक्ष्य आत्मगुणों का विकास है। आत्मगुण ज्ञान, दर्शन है। ज्ञान, दर्शन गुण का विकास आत्मगुणों के विकास से होगा। हमारा सम्यक्त्व मजबूत होगा। युवाचार्य प्रवर ने कहा कि सत्य वही है जो संदेह रहित हो। सत्य वही है, जो कभी नष्ट नहीं होता। सत्य वही है, जो जिनेश्वरों द्वारा बताया गया है क्योंकि वे हमारा हित चाहने वाले हैं। हम जो सुनते हैं, उसी बात को मन में धारण करते हैं। मन में धारण करना यानी सुरक्षित करना। जब तक मन में धारण नहीं करे तब तक वह परिपूर्ण काम नहीं करता। जिनके वचन हित की भावना से आए हुए हैं, वे निष्पक्ष बोलने वाले हैं, इसलिए सत्य है। उनके वचनों के प्रति विश्वास है कि संयम ग्रहण करने से ही मोक्ष की प्राप्ति होती है। सबसे पहले जरूरी है सत्य को मन में धारण करें, फिर स्थिर करें। यह चित्त को संकल्प रहित बनाता है। उन्होंने कहा जो आराधक है, उसकी सद्गति निश्चित है। आराधक वही, जो परमात्मा के वचनों को मन में स्थिर करे। भगवान के वचनों को काटने वाला कोई है ही नहीं, चाहे वह किसी भी धर्म का हो। भगवान के वचनों को कोई चुनौती नहीं दे सकता। जो आराधक बनते हैं, वे शाश्वत सुख के अधिकारी बनते हैं। हम भी शाश्वत सुख के अधिकारी बनें। इस दौरान धर्मसभा मे नासिक से वेरागन बहन दीक्षा भंसाली और जलगांव से वेरागन मयुरी चौरड़िया ने संसार व संयम, भोग व योग में भेद बताते हुए अपना वक्तव्य प्रस्तुत किया। उनका महासंघ के अध्यक्ष सुरेश चंद लुणावत,सज्जन राज तालेड़ा महामंत्री धमीचंद सिंघवी,देवराज लुणावत एवं महिला मंडल की बहनो ने वेरागन बहनो का बहुमान किया। रमेश विनायकिया व महावीरचंद बोरुंदिया ने अपने भाव प्रकट किए। संगीतकार रोहित लुंकड़ ने भाव भरा गीत प्रस्तुत किया।जलगांव से युवाचार्य ग्रुप के मनीष लुंकड़ व दुर्ग से संघ मंत्री टीकमचंद छाजेड़ की अगुवाई में युवाचार्यके दर्शनार्थ व वंदनार्थ संघों का आगमन हुआ। कमल छल्लाणी ने धर्मसभा का संचालन किया।

# पूर्व विधान सभा अध्यक्ष स्व. भाभडा की जयंती पर विधानसभा में दी गई पुष्पांजलि, स्पीकर देवनानी और मुख्यमंत्री शर्मा ने दी पुष्पांजलि



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी और मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने मंगलवार को पूर्व विधानसभा अध्यक्ष स्व. हरि शंकर भाभडा को उनकी जयन्ती पर यहां विधान सभा भवन के पूर्वी प्रथम तल पर आयोजित सादा समारोह में पुष्पाजंलि अर्पित की। प्रमुख सचिव महावीर प्रसाद शर्मा, विशिष्ट सचिव भारत भूषण शर्मा, विशिष्ट सहायक के.के. शर्मा सहित विधानसभा के अधिकारी, कर्मचारीगण और परिजन सुरेन्द्र भाभडा व गौरव भाभडा ने भी स्व. भाभडा के चित्र पर पुष्प अर्पित कर पुष्पांजलि दी।



फोटोग्राफ: सुधीर फोटोज "लाली" मोबाइल 982-915-603





# दिगंबर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन की द्वितीय राष्ट्रीय कैबिनेट सभा जयपुर में भव्यता के साथ संपन्न

## राष्ट्रीय शिरोमणि संरक्षिका श्रीमती पुष्पा प्रदीप कुमार सिंह कासलीवाल,राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश विनायका, राष्ट्रीय पूर्व अध्यक्ष विमल अजमेरा, हंसमुख गांधी, कमलेश कासलीवाल, राष्ट्रीय महासचिव विपुल बांझल, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष अतुल बिलाला की रही गौरवमय उपस्थिति। जयपुर रीजन द्वारा संचालित अभूतपूर्व सभा का रचा स्वर्णिम इतिहास

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

दिगंबर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन की राष्ट्रीय कैबिनेट सभा जयपुर में सभी सर्वोच्चय राष्ट्रीय पदाधिकारीयों की गोरवमय उपस्थिति के कारण यह केबिनेट सभा राजस्थान रीजन जयपुर के आतिथ्य में सारगर्भित, एतिहासिक, उच्चतम सफलता के नये आयाम स्थापित करते हुए पूर्ण भव्यता के साथ एक माइल स्टोन बनाते हुए तोतूका भवन भट्टारक जी की नसीया में संपन्न हुई। राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश विनायका ने बताया कि सभा में राष्ट्रीय शिरोमणि संरक्षिका श्रीमती पुष्पा प्रदीप कुमार सिंह कासलीवाल की ओजस्वी उपस्थिति रही तथा उन्होंने अपने मार्गदर्शन से फेडरेशन को आगे के कार्यों हेतु अपने विचार प्रस्तुत किये। राष्ट्रीय महासचिव विपुल बाँझल ने अवगत कराया की इस राष्ट्रीय कैबिनेट सभा में इंदौर जबलपुर भोपाल उज्जैन जोधपुर भीलवाड़ा कोटा मंदसौर सागर शहडोल पाटन कटनी जयपुर आदि स्थानों से पदाधिकारियों ने अपनी गौरव मई उपस्थिति दर्ज कराई। जयपुर रीजन अध्यक्ष राजेश बड़जात्या ने अवगत कराया की ध्वजारोहण वरिष्ठ अधिवक्ता सुधांशु कासलीवाल, अध्यक्ष श्री महावीर जी अतिशय क्षेत्र, जैन समाज रत्न श्रावक श्रेष्ठी प्रमोद पहाड़ीया ए आर एल ग्रुप, राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश विनायका द्वारा किया गया। समाज श्रेष्ठी उमराव मल संघी अध्यक्ष श्री महावीर दिगंबर जैन शिक्षा परिषद, इंजीनियर प्रदीप कुमार जैन, संयुक्त मंत्री श्री महावीर जी अतिशय क्षेत्र, अधिवक्ता सुधीर जैन, अध्यक्ष श्री पद्मपुरा अतिशय क्षेत्र, की गौरव मई उपस्थिति रही। इस सभा के सभा प्रभारी सुरेंद्र पांड्या, मनोहर झांझरी, आयोजन प्रभारी अनिल कुमार जैन आईपीएस , रीजन प्रभारी नवीन सेन जैन एवं सुशील पांड्या, आयोजन समन्वयक यश कमल अजमेरा थे । रीजन महासचिव निर्मल संघी ने बताया की सभा में सभी सदस्यों का तिलक, दुपट्टा ओढ़ाकर स्वागत किया गया, सभा मंगलाचरण व दीप प्रज्वलन से प्रारंभ हुई रीजन अध्यक्ष राजेश बड़जात्या द्वारा सभी का शब्दों से स्वागत व अभिनंदन किया गया। सभी राष्ट्रीय पदाधिकारीयों का उद्बोधन हुआ और उपस्थित सभी सदस्यों ने अपने विचार रखे। राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष अतुल बिलाला ने लेखा जोखा प्रस्तुत किया। सभी रीजन अध्यक्षों ने अपने अपने रीजन की डिजिटल रिपोर्ट प्रस्तुत की। रीजन कोषाध्यक्ष पारस कुमार जैन ने अवगत कराया की सभी बाहर से पधारे हुए अतिथियों को अतिथि गृह में ठहराया गया था इस अवसर पर आयोजक राजस्थान रीजन ग्रुप की टीम ने सभी अतिथियों के लिए बेहतरीन आवास व्यवस्था सुस्वादिष्ट भोजन तथा आरामदायक बैठने की व्यवस्था की गई थी इसके सभी अतिथियों ने भूरी भूरी प्रशंसा की राजस्थान रीजन जयपुर की टीम के सुनील बज, सुरेश जैन बांदीकुई, डॉ राजेंद्र कुमार जैन, मनीष सोगानी, नीरज जैन, अशोक जैन चांदवाड , राकेश गोदिका, राकेश संघी, राजेंद्र छाबड़ा, एसके जैन, सुनीता जैन, सुरेश लुहाडिया, अतुल छाबड़ा, अजय जैन राजेंद्र बाकलीवाल तथा सभी ग्रुप्स जयपुर मैन, गुलाबी नगर, आदिनाथ, नवकार, जैन भारती, मैत्री, डायमंड, पार्श्वनाथ, वात्सल्य, पिंक पर्ल, तीर्थंकर, संगिनी फॉरएवर, सम्यक, वीर, सन्मति, विराट, अग्रसेन ग्रुप के अध्यक्षों, सचिवों ने कार्यक्रम सफल आयोजन में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

@ पेज 14 पर

# दिगंबर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन की द्वितीय राष्ट्रीय कैबिनेट सभा










फोटोग्राफ: सुधीर फोटोज "लाली" मोबाइल 982-915-603



# दिगंबर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन के स्थापना दिवस का हुआ भव्य आयोजन

**दिगंबर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन ने किया राजस्थान रीजन जयपुर का सम्मान।**
**फेडरेशन का 30वां राष्ट्रीय स्थापना दिवस समारोह जयपुर में मित्रता दिवस के रूप मे मनाया।**

## आचार्य विद्या सागर जी महा मुनिराज, व आचार्य विराग सागर जी महाराज को डिजिटल विन्यांजली दी गई

**जयपुर. शाबाश इंडिया**


फोटोग्राफ सुधीर फोटोज "लाली" मोबाइल 982-915-603










दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन का 30वाँ राष्ट्रीय स्थापना दिवस समारोह राष्ट्रीय पदाधिकारियों की, सभी ग्रुप्स के सदस्यों की ओजस्वी उपस्थिति में साँस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ तोतूका भवन भट्टारक जी की नसियां में उत्साह पूर्ण माहौल में राजस्थान रीजन जयपुर द्वारा मनाया गया। कार्यक्रम में मंगलाचरण, भव्य दीप प्रज्वलन सम्मानित अतिथि गणों द्वारा किया गयो मंगलाचरण नृत्य की प्रस्तुति वीर ग्रुप द्वारा स्वागत गान डायमंड ग्रुप द्वारा किया गया । रीजन अध्यक्ष राजेश बड़जात्या ने अपने स्वागत उद्धबोधन में उपस्थिति राष्ट्रीय पदाधिकारियों का,अतिथि गणों का, ग्रुप सदस्यों का भाव भिना स्वागत किया अपने सभी कर्मठ साथियों टीम राजस्थान रीजन जयपुर का आभार प्रकट किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश विनायका का यह समारोह को मनाने का अवसर राजस्थान रीजन जयपुर को प्रदान धन्यवाद व आभार व्यक्त किया। श्रीमती पुष्पा प्रदीप कासलीवाल , राष्ट्रीय शिरोमणि सरंक्षिका एवं राकेश विनायका राष्ट्रीय अध्यक्ष ने अपने संबोधन मे आदरणीय प्रदीप कुमार सिंह जी कासलीवाल, महेंद्र कुमार जी पाटनी, राजेंद्र के गौधा, सुरेन्द्र पाटनी के द्वारा फेडरेशन मे दिये गये योगदान को स्मरण किया व अपनी कृतज्ञता प्रकट की ।उन्होंने फेडरेशन के विशेष कार्यो का उल्लेख किया, दिगम्बर जैन समाज की सक्रिय राष्ट्रीय संस्था से जुड़ने के महत्व को बताया ।समारोह में श्रीमती पुष्पा प्रदीप कासलीवाल राष्ट्रीय शिरोमणि सरंक्षिका ,राकेश विनायका राष्ट्रीय अध्यक्ष, विपुल बाँझल राष्ट्रीय महासचिव, अतुल बिलाला राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष ,कमलेश कासलीवाल राष्ट्रीय निवर्तमान अध्यक्ष ,विमल अजमेरा राष्ट्रीय पूर्व अध्यक्ष ,हँसमुख गांधी राष्ट्रीय पूर्व अध्यक्ष , अमित कासलीवाल राष्ट्रीय परामर्शदाता ,अनिल जैन क्ढर राष्ट्रीय परामर्शदाता, नवीन सेन जैन राष्ट्रीय परामर्शदाता, सुरेन्द्र पांड्या राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष, सुरेश चाँदवाड़ राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष, कीर्ति पांड्या राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष, मनोहर झाँझरी राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष, आर के जैन ऐक्साइज राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष, देवेन्द्र कांसल राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष ,सुशील पांड्या राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष ,यश कमल अजमेरा राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष उपस्थित रहें ।प्रदीप जैन अध्यक्ष राजस्थान जैन युवा महासभा, विनोद जैन कोटखावदा मंत्री राजस्थान जैन युवा महा सभा की उपस्थिति रही ।सभी उपस्थित राष्ट्रीय पदाधिकारियों का अतिथियों का तिलक , माला, दुपट्टा, साफा व शाल ओढ़ाकर स्वागत, अभिवादन किया।समारोह में रंगा रंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां वीर ग्रुप,पिंक पर्ल ग्रुप, जयपुर मैंन ग्रुप , स्वस्तिक ग्रुप द्वारा दी गई जिसकी सभी सदस्यों ने सराहना की । उत्कृष्ठ मंच संचालन नीरज जैन, सुनीता जैन ने ओजस्वी वाणी से किया तथा तकनीकी सहयोग मनीष सोगानी द्वारा किया गया । स्वादिष्ट भोजन व्यवस्था आर बड़जात्या केटर्स के हितेश बड़जात्या व जीतेश बड़जात्या द्वारा राकेश गोदिका, राकेश संघी के निर्देशन में की। सभा के अंत मे विशाल फ्रेंडशिप बैंड में सभी सदस्यों ने शामिल होकर मित्रता दिवस मनाया। आचार्य विद्या सागर जी महा मुनिराज, व आचार्य विराग सागर जी महाराज को डिजिटल विन्याजली दी गई तथा फेडरेशन के दिवंगत पदाधिकारियों को श्रद्धांजली दी गई । शानदार कार्यक्रम के लिए राजस्थान रीजन जयपुर के अध्यक्ष राजेश बड़जात्या के नेतृत्व में राजस्थान रीजन जयपुर के कार्यकारणी के सभी सम्मानित पदाधिकारियों को राष्ट्रीय शिरोमणि सरंक्षिका पुष्पा प्रदीप कासलीवाल, राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश विनायका राष्ट्रीय पूर्व अध्यक्ष विमल अजमेरा, हँसमुख गांधी, राष्ट्रीय महासचिव विपुल बाँझल , तथा उपस्थित राष्ट्रीय पदाधिकारियों ने प्रशस्ति प्रदान कर सम्मान किया । अंत में रीजन कार्याध्यक्ष सुनील बज द्वारा शांति पाठ एवं रीजन महासचिव निर्मल संघी एवं रीजन कोषाध्यक्ष पारस कुमार जैन द्वारा धन्यवाद व आभार व्यक्त किया गया ।

@ पेज 16 पर

# दिगंबर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन का स्थापना दिवस



फोटोग्राफ सुधीर फोटोज "लाली" मोबाइल 982-915-603



















